EDITION IND ಕನ್ನಡ മലയാളം বাংলা తెలుగు தமிழ் मराठी ગુજરાતી Samayam English Pregatips लॉगिन

नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

बिजनेस न्यूज बिजनेस भारत राज्य दुनिया फीफा वर्ल्ड कप लाइफस्टाइल धर्म मनोरंजन रियल एस्टेट लीगल हेल्थ टेक More शहर

रुपया डायरी इनकम टैक्स फाइनेंशियल लिटरेसी रेलवे शेयर बाजार रिन्यूएबल एनर्जी फोटो विडियो ईटी की पाठशाला कमोडिटीज़

गूगल न्यूज़ में हमारे साथ जुड़ें NBT को सिलेक्ट कर

ds Management IPO Plastic Notes RBI DDA Sale China Economy

Hindi News / Business / Business News / Crisil Upgrades Ratings Of Vedanta After Demerger Anil Agarwal Group

# CRISIL Upgrades Vedanta Rating: अनिल अग्रवाल के लिए आई बहुत बड़ी खुशखबरी, वेदांता ग्रुप की 3 कंपनियों को मिला 'AA+' का तमगा

Curated By: राजेश भारती | नवभारतटाइम्स.कॉम • 17 Jul 2026, 5:17 pm IST

Subscribe YouTube 12M

अनिल अग्रवाल के वेदांता ग्रुप को बड़ी राहत मिली है। CRISIL ने डिमर्जर के बाद वेदांता, वेदांता एल्युमीनियम और वेदांता ऑयल एंड गैस की क्रेडिट रेटिंग अपग्रेड कर दी। एजेंसी ने कंपनियों की मजबूत वित्तीय स्थिति और बेहतर कारोबारी प्रदर्शन को इसकी प्रमुख वजह बताया।




क्रिसिल ने अपग्रेड की वेदांता की रेटिंग।

Advertisement

आज का AQI
नई दिल्ली
तापमान वायु गुणवत्ता
72 AQI
PM2.5 22 µg/m³
मॉडरेट
Powered By AQI

**नई दिल्ली:** अनिल अग्रवाल के वेदांता ग्रुप के लिए बड़ी राहत की खबर है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल (CRISIL Ratings) ने ग्रुप के डिमर्जर (कंपनी के अलग-अलग हिस्सों में बंटने) के बाद वेदांता लिमिटेड, वेदांता एल्युमीनियम लिमिडेट और वेदांता ऑयल एंड गैस लिमिटेड की क्रेडिट रेटिंग अपग्रेड कर दी है। एजेंसी का कहना है कि डिमर्जर के बाद इन कंपनियों की कारोबारी और वित्तीय स्थिति पहले से ज्यादा मजबूत हुई है।


भारत में छिपा है 300 अरब बैरल तेल-गैस का खजाना, वेदांता ने किया बड़ा ऐलान, क्या है अनिल अग्रवाल का प्लान?

Advertisement

## किस कंपनी की रेटिंग कितनी बढ़ी?

**वेदांता लिमिटेड ( Vedanta Ltd ):** इसकी लॉन्ग-टर्म रेटिंग को 'CRISIL AA' से बढ़ाकर 'CRISIL AA+/Stable' कर दिया गया है। वहीं शॉर्ट-टर्म रेटिंग CRISIL A1+ पर बरकरार रखी गई है।
**वेदांता एल्युमीनियम ( Vedanta Aluminium Metal Ltd ):** इसकी भी लॉन्ग-टर्म रेटिंग बढ़कर अब 'CRISIL AA+/Stable' हो गई है। शॉर्ट-टर्म रेटिंग CRISIL A1+ पर बरकरार रखी गई है।
**वेदांता ऑयल एंड गैस ( Vedanta Oil and Gas Ltd ):** इसकी रेटिंग में सबसे बड़ा सुधार हुआ है। यह सीधे 'CRISIL A+/Watch Developing' से छलांग लगाकर 'CRISIL AA+/Stable' पर पहुंच गई है। यह तीनों कंपनियों में सबसे बड़ा रेटिंग अपग्रेड माना जा रहा है।
**नोट:** रेटिंग में 'AA+' मिलने का मतलब है कि कंपनी को कर्ज चुकाने के मामले में बहुत सुरक्षित और मजबूत माना जा रहा है।

## रेटिंग बढ़ने के बड़े कारण

### 1. वेदांता लिमिटेड

- क्रिसिल के मुताबिक, कंपनियों के अलग होने के बाद भी वेदांता लिमिटेड को हिंदुस्तान जिंक (HZL) का पूरा साथ मिल रहा है।
- साल 2026 में वेदांता की कुल कमाई का 95% से ज्यादा हिस्सा सिर्फ हिंदुस्तान जिंक से आया है।
- चूंकि हिंदुस्तान जिंक बहुत कम खर्च में भारी मुनाफा कमाने वाली कंपनी है, इसलिए वेदांता की पैसों की स्थिति बहुत मजबूत हो गई है और उसका कर्ज का बोझ भी काफी कम हुआ है।

### 2. वेदांता एल्युमीनियम

- भारत के एल्युमीनियम बाजार में इस कंपनी की स्थिति बेहद मजबूत है।
- कंपनी बहुत ही कुशल तरीके से काम कर रही है जिससे उसका मुनाफा लगातार बढ़ रहा है। आने वाले समय में भी इसके और बेहतर होने की उम्मीद है।
- इसके साथ बालको (BALCO) कंपनी के जुड़े रहने से इसे और ताकत मिल रही है।

### 3. वेदांता ऑयल एंड गैस

- ग्रुप के अलग होने के बाद वेदांता का पूरा तेल और गैस का बिजनेस अब इसी कंपनी के पास आ गया है।
- यह भारत में प्राइवेट सेक्टर की सबसे बड़ी तेल उत्पादक कंपनियों में से एक है, जो हर दिन लगभग 87 हजार बैरल तेल (या उसके बराबर गैस) निकालती है।
- इसका 80% से ज्यादा काम राजस्थान से होता है, जहां तेल निकालने का खर्च काफी कम आता है।



लेखक के बारे में
**राजेश भारती**
राजेश भारती, नवभारत टाइम्स (डिजिटल) में असिस्टेंट न्यूज एडिटर हैं। वह जुलाई 2024 में टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप के नवभारत टाइम्स, डिजिटल विंग से जुड़े। राजेश भारती NBT डिजिटल में बिजनेस डेस्क पर कार्यरत हैं। वह कमोडिटी मार्केट, शेयर मार्केट, पर्सनल फाइनेंस, क्रिप्टोकरेंसी पर मजबूत पकड़ रखते हैं। 16 साल ... और पढ़ें


### रेकमेंडेड खबरें >


RBI गवर्नर की बड़ी चेतावनी, मजबूत है देश की अर्थव्यवस्था, पर इन 2 वज...


थकने लगा ग्लोबल इकॉनमी का इंजन! चीन की इकॉनमी सुस्त पड़ी, जापान की तरह...


डीडीए की कमाई 120% उछली, अब प्राइवेट बिल्डरों को बड़ी संख्या में फ्लैट...


PWC Report: 'नीम हकीम खतरे जान' कमाई भी घट जाती है, बात हो रही है...


मुंबई बेहाल, रिफंड में चेन्नई

Advertisement
ADVERTISING